राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने राज्य के विभिन्न जिलों में वज्रपात से हुई लोगों की मृत्यु पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 04 जुलाई 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राज्य के विभिन्न जिलों में वज्रपात से हुई लोगों की मृत्यु पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने कहा है कि वज्रपात (ठनका) की प्राकृतिक आपदा के कारण राज्य के विभिन्न जिलों में हुई लोगों की मृत्यु अत्यन्त दुःखद है। राज्यपाल ने राज्यवासियों से अपील की है कि मौजूदा बरसाती मौसम में मौसम विज्ञान विभाग की चेतावनियों पर ध्यान दिया जाना चाहिए तथा आपदा–प्रबंधन विभाग द्वारा बताये गये वज्रपात से बचाव के तौर–तरीकों का भी परिपालन होना चाहिए।

राज्यपाल ने वज्रपात की वजह आज मरे लोगों की आत्मा को चिरशांति तथा उनके पारिवारिक सदस्यों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....